गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) तथा (ख). 22-1-1968 को श्री जौन एफ० मनलिआना एजल पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से आसाम विधान सभा के लिये निर्वाचित घोषित किये गये हैं। किसी ऐसे भारतीय नागरिक को चुनाव लड़ने से रोकने का अधिकार सरकार को नहीं है जो किसी राज्य के विधान मंडल के सदस्य के रूप में चुने जाने के लिये कानून के अधीन अन्यथा पात्र हो।

APPOINTMENT OF JUDGES ON THE HIGH COURT BENCHES

4753. SHRI SHRI CHAND GOEL : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in the appointment of judges on the High Court Benches, the place of birth is also an important factor; and

(b) since when this factor has assumed importance and in what circumstances ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS : (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

SELECTION OF SCHEDULED TRIBES FOR I.A.S./I.P.S.

4754. SHRI AMAT : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state the total number of Scheduled Tribe Students who have been selected for I.A.S./I.P.S. State-wise this year ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-559/68].

सीमा क्षेत्रों की रक्षा

4755. **श्री ओंकार लाल बोहरा** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वोत्तर सीमान्त में बढ़ी हुई राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को देखते हुए क्या सरकार का विचार वहां के प्रशासन के सम्बन्ध में अपनी नीति में परिवर्तन करने का है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी, नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सीमा क्षेत्रों का विकास

4756. **श्री ओंकार लाल बोहरा** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तान के साथ लगी हुई 700 मील लम्बी राजस्थान की सीमा के क्षेत्रों के विकास के लिये केन्द्रीय सरकार किस हद तक जिम्मेदार है;

(ख) क्या उनके मंत्रालय ने इस बारे में कुछ विशेष प्रबन्ध किये हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या संकट के समय इस क्षेत्र का पिछड़ापन देश की सुरक्षा के लिये खतरनाक सिद्ध नहीं होगा ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग). अन्य राज्यों की भांति, राजस्थान में, पाकिस्तान के साथ सीमा वाले क्षेत्रों समेत, विकास कार्य-क्रम राज्य सरकार द्वारा किये जाते हैं और योजना-कार्यक्रमों में केन्द्र द्वारा अनुमोदित स्तर पर सहायता दी जाती हैं। इस प्रकार की सहायता के अतिरिक्त, भारत सरकार ने राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता दी है। हमारी सीमाओं की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने के लिये सभी उपाय किये गये हैं।

प्रशासनिक सुधार आयोग

4757. **श्री शारदा नन्द :**
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री कंवर लाल गुप्त :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रशासनिक सुधार आयोग के विभिन्न